गुरू ग्रंथ साहिब में अरदास पाठ

अजमेर, (कासं)। न्यू मैजेस्टिक यूथ ग्रुप के सलाहकार सरदार जसप्रीति सिंह कोचर के नेतृत्व में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों के आतिथ्य में न्यू मैजेस्टिक बाजार स्थित जनता टी प्रतिष्ठान के पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में यूथ ग्रुप और अन्य पदाधिकारियो के द्वारा गुरूद्वारे में अरदास पाठ करवाकर कणाह प्रसाद का वितरण किया गया। न्यू मैजेस्टिक बाजार में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश अगनानी और सस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी, नीरज नन्दा, भीलवाडा झूलेलाल मन्दिर के सेवादारी टेकचन्द टिक्यानी, सरदार दिलप्रीत सिंह, सरदार जगदीप सिंह,सरदार जसप्रीतसिंह कोचर एवं अन्य के द्वारा जनता टी प्रतिष्ठान के बाहर मुख्य मार्ग पर केक काटकर शुभकामनाऐं प्रदान की गई। इस अवसर पर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरू ग्रंथ में अरदार पाठ करवाकर रांगी जत्थे के माध्यम से खुशहाली एवं सबके अच्छे व्यापार व सुख शान्ति की प्रार्थना करके व्यापारियो एंव आम संगत के लिए न्यू मैजेस्टिक बाजार में गुरू साहिब के अतुट लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया जो कि अत्यन्त सराहनीय कदम है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने सभा को संबोधित किया

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रचार के अंतिम दिन ताकत झौंकी
- जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर जेसीबी द्वारा पुष्पवर्षा की गई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरवाड़ में जनसभा कर भागीरथ चौधरी के लिये वोट मांगे।

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ शहर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हेलीपैड पर पहुंचने पर विधायक शत्रुघ्न गौतम व अजमेर देहांत जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा ने शर्मा की अगवानी की। वहीं गाड़ियों के काफिले के साथ सुधीर सागर महाराज का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे।

इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगवानी की। जनसभा में पहुंचने पर जेसीबी द्वारा पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद स्कूल परिसर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिनंदन किया। विधायक शत्रुघ्न गौतम ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिला पदाधिकारी ने व मंडल कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री सुरेश रावत, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, विधायक शत्रुघ्न गौतम, अजमेर भाजपा देहांत जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, विधायक रामस्वरूप लांबा, मंच पर विराजमान थे। वहीं सभा को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि माताओं, बहनों बुजुर्गों का अभिनंदन करता हूं, आप लंबे समय से इंतजार कर रहे थे देर से आने के लिए आप सभी से माफी मांगता हूं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माताओं बहनों का हमेशा ख्याल रखा है। माताओं बहनों को आगे बढ़ाने का काम किया है जब तक महिलाएं आगे नहीं बढ़ेगी तब तक देश की तरक्की नहीं हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमाओं को मजबूत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जो घोटाले किए हैं उनकी जांच करवा रहे हैं तो कांग्रेस के लोगों को तकलीफ हो रही है। पेपर लीक मामले में जिन्होंने युवाओं की आंख में आंसू लाने का काम किया है उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। जिन्होंने पेपर लिखकर शोरूम खोल रखा था अब उनका नंबर आने वाला है जिसने भी लूट और झूठ की दुकान खोली है एक को भी छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी को अधिक से अधिक मतों से विजय बनाने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अलग-अलग समाज के लोगों ने स्वागत कर व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर हरिमोहन शर्मा, राधेश्याम पोरवाल, राजेंद्र विनायक, उप जिला प्रमुख हंगामी लाल चौधरी, प्रधान होनहार सिंह, पूर्व प्रधान किशन लाल बैरवा, रिंकू कंवर राठौड़, महेश भटनागर, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची, दुर्गालाल माली, भगवान भट्ट, विजय कुमार लड्डा, अजय पारीक, तैजसिंह, हनुमान शर्मा, कुशल किशोर सोनी, किशन सिंह लाखनोत, कमलेश कुमार रेगर, चैन सिंह पगारिया, पार्षद करण बंजारा, मयंक मेवाड़ा, रामस्वरूप वैष्णव व छोटू भाटी साहित अन्य उपस्थित रहे।

विधायक भदेल ने प्रियंका गांधी के बयान पर किया पलटवार

- पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सोनिया गांधी के गले में कभी मंगलसूत्र नहीं देखा। चुनावी मंगलसूत्र अगर उन्होंने डाला होगा तो वह अलग विषय है।

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण से विधायक अनीता भदेल ने प्रियंका गांधी के मंगलसूत्र वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सोनिया गांधी के गले में कभी मंगलसूत्र नहीं देखा। चुनावी मंगलसूत्र अगर उन्होंने डाला होगा तो वह अलग विषय है। राहुल गांधी भी जनेऊधारी बनकर हिंदुओं के वोट लेकर सरकार बनाना चाहते हैं।

विधायक अनीता भदेल बुधवार को अजमेर में मीडिया से बात कर रही थी। इस मौके पर इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी सहित भाजपा के अजमेर जिला व देहात के नेता उपस्थित थे। विधायक अनीता भदेल ने कहा कि कांग्रेस जिस बात का भ्रम पैदा कर रही है कि बीजेपी नरेंद्र मोदी के लिए 400 पार इसलिए चाहिए कि वह संविधान खत्म करना चाहते हैं। संविधान को खत्म करने की ओर इशारा सिर्फ आरक्षण को लेकर है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने इस आरक्षण का प्रावधान किया। संविधान में उन्हें बाबा साहब को दो बार लोकसभा में रोकने वाला अगर कोई दल है तो वह कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल राज किया लेकिन लोकसभा में बाबा साहब का चित्र तक नहीं लगा। जब पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी तब बाबा साहब को भारत रत्न पुरस्कार मिला। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस दलितों की और अनुसूचित जाति की घोर विरोधी है। प्रियंका गांधी के द्वारा दिए गए मंगलसूत्र के बयान पर विधायक अनीता भदेल ने पलटवार करते हुए कहा कि वह प्रियंका गांधी से इस कांफ्रेंस के माध्यम से पूछना चाहती है कि वे तो सनातन में विश्वास ही नहीं करते हैं, सनातन हिंदू धर्म की जो शक्ति है उस शक्ति से लड़ना चाहते हैं। तो फिर सनातन में मंगलसूत्र का महत्व जानते नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी भी सोनिया गांधी के गले में उन्होंने मंगलसूत्र देखा नहीं है, चुनावी मंगलसूत्र अगर यदि उन्होंने डाला होगा तो वह एक अलग विषय है।

रोड शो में उमड़ा जन सैलाब

- भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ के समर्थन में विशाल रोड शो आयोजित किया गया

ब्यावर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ के समर्थन में विशाल रोड शो आयोजित किया गया।रोड शो राजस्थान सरकार केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राज्य मंत्री डॉ मंजू बाघमार के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक शंकर सिंह रावत व सभापति नरेश कनोजिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने भाग लिया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए।इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा यहाँ के कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए निश्चित रूप से सर्वाधिक मार्जिन से महिमा कुमारी विजयी होंगी। विधानसभा प्रभारी जय किशन बल्दुआ,विधानसभा संयोजक प्रधान गणपत सिंह रावत,विस्तारक राम अवतार सैनी,पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरली तिलोकानी, पूर्व सभापति बबीता चौहान, शशिबाला सोलंकी, मुख्य सचेतक मंगत सिंह मोनू, सरपंच संघ अध्यक्ष महिपाल सिंह, सुभाष राठी, इंदू शर्मा, पूर्व अध्यक्ष युवा मोर्चा अजय फुलवारी, विरेन्द्र सिंह रावत, रवि टाक, भरत मंगल, विकास सांचौरा,यश खंडेलवाल, निशांत सिंहल,बद्री सामरिया, तिलोक शर्मा, गोपाल सिंह सेदरिया,शिवराज सिंह, पिंटू रावत, सरपंच महिपाल सिंह,गणपत गोवल, दुष्यंत रावत, ममता गुप्ता, सुनीता भाटी,विष्णु शर्मा, मनीष मेहता,दिलिप बाबेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा की प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

मेड़ता सिटी, (निसं)। लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को वैभव श्री होटल मेड़ता में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी, मेडता विधायक लक्ष्मण राम कलरू , जिलाअध्यक्ष रामनिवास सांखला, जिला महामंत्री राम किशोर पंचारिया, जिला उपाध्यक्ष नवरत्न मल, मेड़ता मंडल अध्यक्ष मुक्तिलाल नागोरा सहित अनेक भाजपा कार्यकता मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार पिछले 10 साल से केंद्र में सरकार बनी हुई है और अब की बार भी सरकार भाजपा की सरकार बनेगी, मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रही जन उपयोगी योजनाओं को लेकर भी प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात की सांजा कि, मोदी सरकार ने आज तक गरीबों नवयुवकों को अन्य पिछड़ी जातियों के लिए जो भी सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही उनको लेकर विस्तार से से अवगत कराया गया, मोदी सरकार द्वारा चलाई गई लखपति दीदी के बारे में भी बताया गया।

भाजपा प्रत्याशी भागीरथ नें रोड़ शो कर मांगा समर्थन

भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने शहरी क्षेत्र में ऐतिहासिक रोड़ शो कर आमजन से समर्थन चाहा।

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने शहरी क्षेत्र में ऐतिहासिक रोड़ शो कर आमजन से समर्थन चाहा। प्रत्याशी चौधरी नें समर्थकों के साथ गोबरिया गणेश मंदिर में धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। मुख्य मार्गो पर जगह जगह लोगो नें साफा बंधवाकर व पुष्प वर्षा कर इनका अभिनंदन किया।

साथ ही मतदान के दिन भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिये आश्वस्त किया। मदनगंज के अलावा किशनगढ शहर, न्यायालय, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास समर्थको नें जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, जिला प्रभारी बिरमदेव सिंह, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, जिला महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच, भाजपा युवा नेता सुभाष चौधरी, एडवोकेट नवीन बैरवा, महेंद्र पाटनी, रुपेश शर्मा, संजय पापड़ीवाल, प्रकाश मित्तल, सुनील दरडा, प्रवीण जैन, गोपाल शर्मा, सीमा अखावत, जुगल शर्मा, राजीव शर्मा, दीपेश गुप्ता, सूर्यप्रकाश शर्मा, रामावतार वैष्णव, रामसिंह राठौड़, रामस्वरूप सुंडा, संतोष पारीक, नीतू बल्दवा, मृदुला व्यास, सविता गुप्ता, सतीश अग्रवाल, पायलेट नंदकिशोर वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

शिविर मे 132 रोगियों ने उठाया लाभ

अजमेर, (कासं)। श्री प्राज्ञ मृगी रोग निवारक समिति गुलाबपुरा मे माह के चतर्थ मंगलवार को आयोजित होने वाले मृगी रोग कैंप का शुभारंभ नवकार महामंत्र के जाप से किया गया व गुरु पन्ना,सोहन, के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया।

शिविर में महात्मा गांधी हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर आर के सुरेखा की टीम द्वारा 132 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई।

संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने कैम्प के लाभार्थी श्रीमती मनभर देवी सरदार मल, निर्मला देवी नवीन डोसी,दीपाली एवम पुलकित डोसी मसूदा/ जयपुर एवं कंचन देवी मानमल, सुनीता देवी अरविंद बंब, कार्तिक बंब जयपुर एवं स्वर्गीय उत्तम चंद भंडारी एवम पौत्र मोहित कोठारी की पुण्य स्मृति में लाड देवी, राजेंद्र,जितेंद्र, शैलेंद्र, गौतम कोठारी मारवाड़, नागेलाव चेन्नई का आभार प्रदर्शित करते हुए संस्थान के कार्यकलापों की जानकारी दी।

केबल चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

मसूदा, (निसं)। मसूदा पुलिस द्वारा चोरी के दर्ज प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही कार्यवाही करते हुए वारदात के दो दिन बाद ही विद्युत मोटर व केबल चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह के निर्देशन में मसूदा पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप 22 अप्रैल को घटित चोरी की वारदात के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जन्मतिथि परिवर्तन

मेरी पुत्री VANI SHARMA के पासपोर्ट में उसकी जन्म दिनांक 11/4/2016 दर्ज है जो कि गलत है, अब मैं उसके जन्म प्रमाणपत्र/आधारकार्ड के अनुरूप, पासपोर्ट मैं भी जन्म दिनांक 11/3/2016 दर्ज करवाना चाहता हूं।

-हरीशंकर शर्मा, ए-222, हरिभाऊ उपाध्याय नगर, अजमेर।

आम सूचना

मेरे पक्षकार हिम्मत सिंह पुत्र स्व. श्री मूल सिंह जाति राजपूत उम्र करीब 56 साल, निवासी 294, शास्त्री नगर, देव डूंगरी रोड, मदनगंज-किशनगढ पुलिस थाना मदनगंज जिला अजमेर राज. की ओर से दिनांक 25 अप्रैल 2024 को आम जनता को सूचित कर रहा हूं कि यह कि मेरे पक्षकार का पुत्र ऋषिराज सिंह राठौड व उसकी पत्नी श्रीमती प्रिया कंवर पत्नी ऋषिराज सिंह राठौड विवाह के पश्चात से ही मेरे पक्षकार से अलग रह रहे है व मेरे पक्षकार की सार संभाल व देखभाल नहीं कर रहे है। मेरे पक्षकार के पुत्र ऋषिराज सिंह राठौड व उसकी पत्नी प्रिया कंवर जिनका विवाह 5 वर्ष पूर्व हुआ था। मेरे पक्षकार का पुत्र ऋषिराज सिंह राठौड विवाह के पश्चात अपनी पत्नी प्रिया कंवर के बहकावे में आकर मेरे पक्षकार की सार संभाल व देखरेख नहीं करते है एंव मेरे पक्षकार के कहने में नहीं है वह मेरे पक्षकार से अलग निवास कर रहे है एंव मेरे पक्षकार के लिये उक्त पुत्र ऋषिराज सिंह राठौड भरण पोषण का कोई इन्तजाम नहीं करता है एंव ऋषिराज सिंह राठौड की पत्नी प्रिया कंवर मेरे पक्षकार के साथ अभद्र व्यवहार करती है एंव मेरे पक्षकार को झूठे आपराधिक मुकदमें में फंसाने की धमकी देती है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि उनसे मेरे पक्षकार को लेकर कोई भी लेन-देन नहीं करे। अगर कोई व्यवहार करता है तो उसमें मेरे पक्षकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र ऋषिराज सिंह राठौड को अपनी सम्पति से बेदखल कर दिया है।

भवदीय
नवीन कुमार बैरवा (एडवोकेट)

मानव श्रंखला और रैली से किया जागरूक

- सेंट एंसलम्स स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता आमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अजमेर, (कासं)। जिला प्रशासन और सर्वधर्म मैत्री संघ के संयुक्त तत्वाधान में फॉदर कॉसमॉस शेखावत के नेतृत्व में प्रकाश जैन की अध्यक्षता में सेंट एंसलम्स स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता आमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विभिन्न स्कूल से आए छात्रा छात्राओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, रोटरी लायंस और अन्य संगठनों से आए पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर भारती दीक्षित ने 18 साल की उम्र के छात्रा छात्राओं को जो पहली बार वोट करने वालें को सपरिवार शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सद्स्यों और प्रबुद्धजनों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इसके पश्चात सेंट एंस्लम्स, सेंट मैरीज और सेंट फ्रांसिस स्कूल के छात्रा छात्राओं की रैली को हरी झंडी दिखाकर स्कूल से रवाना किया। आगे आगे तीनों स्कूल बैंड और स्वयं सेवी संस्थाएं शामिल हुई। रैली स्कूल से होते गोल चक्कर, केसरगंज मार्केट होते हुए मानव श्रंखला के रूप में सबको जागरूक किया। रैली का समापन स्कूल में हुआ। इस अवसर पर एसपी देवेंद्र कुमार, अभिषेक खन्ना सीईओ जिला परिषद, एसडीएम शिवाक्षी खंडाल, राजगढ़ धाम से चंपा लाल सैनी महाराज, मोहम्मद अली बोहरा, स्वामी अशोक गाफिल प्रमुख धर्म गुरु उपस्थित रहे और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। सर्वधर्म मैत्री संघ पदाधिकारीयों में डॉ. लाल थदानी, सूरज गुर्जर, हरदीप सिंह , कश्मीर सिंह , दिलीप सिंह छाबड़ा, धम्म विक्रम सिंह, मेहमूद खान गोपाल कृष्ण वर्मा, दिलीप सिंह छाबड़ा, रवि कुमार चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

गणेशजी को दिया निमंत्रण

अजमेर, (कासं)। हिंद सेवा दल द्वारा 28 अप्रैल को बाबाजी की नसियां में होने वाले सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन के लिए प्रथम निमंत्रण आगरा गेट स्थित गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य गणेश भगवान को दिया गया । प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि मंदिर के पुजारी घनश्याम आचार्य ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराते हुए निमंत्रण पत्र गणेश प्रतिमा के चरणों में रखा । दल के अध्यक्ष आर के महावर ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 28 अप्रैल को प्रातः 10.15 बजे नया बाजार राजकीय संग्रहालय से निकासी निकाली जाएगी । महावीर सर्किल स्थित बाबाजी की नसियां पर बारात स्वागत, फेरे, रिस्पेशन होगा ।

सतरंगी सप्ताह के समापन पर हुआ दीपदान

अजमेर, (कासं)। सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिवस अजमेर उत्तर व दक्षिण के सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स, सुपरवाइजर्स ,प्रधानाचार्य राजेंद्र स्कूल ,प्रधानाचार्य डीएवी केसरगंज, प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद गुलाब देवी का समस्त स्टाफ लाल कलर की थीम वेशभूषा में लालच पर करेंगे चोट, सोच समझ कर करेंगे वोट के स्लोगन के साथ केसरगंज गोल चक्कर पर उपखंड अधिकारी शिवाक्षी खांडल के नेतृत्व में दीपदान ,वोट ट्री पर पाती लटका कर अजमेर शहर के समस्त मतदाताओं को निर्वाचक सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा लिखित वोट अपील स्वयं के द्वारा उपस्थित सभी मतदाताओं को दी गई एवं वोट देने के लिए आग्रह किया । राष्ट्र के कल्याण के लिए वोट देना हमारा एक पुनीत कर्तव्य है। इस चुनाव के पर्व के महायज्ञ में सबसे पूर्णाहुति देने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में समस्त स्वीप टीम अजमेर उत्तम मीना शर्मा के नेतृत्व में एवं अजमेर दक्षिण की स्वीप टीम वीणा अठावत रामकिशोर तिवारी के नेतृत्व में उपस्थिति रही।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/87 दिनांक: 22/04/2024

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 602 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 31.166.66 वर्ग) पर श्रीमती भारती कुमारी पत्नि श्री सत्येन्द्र शर्मा ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तानतरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-
पूर्व में - भूखण्ड संख्या 86 व 87 पश्चिम में - 40 फीट का रास्ता
उत्तर में - 40 फीट का रास्ता दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 32
अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक- न.प.कि/कृ.भूमि/2024/31 दिनांक: 15/04/2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 616/1, 616/2, 620/1, 620/2 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या बी-92 क्षेत्रफल 138.89 वर्गगज) पर श्री छीतर लाल पुत्र श्री जेठा राम ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-
पूर्व में - भूखण्ड संख्या बी-91 पश्चिम में - भूखण्ड संख्या बी-93
उत्तर में - 60 फीट का रास्ता दक्षिण में - भूखण्ड संख्या बी-87
अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/309 दिनांक : 24-4-24

लोक सूचना

(1) श्री देवेन्द्र जीनगर पुत्र श्री राजेन्द्र जीनगर (2) श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री भंवरलाल बैरवा निवासीगण बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा सं.	क्षेत्र
जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर	बाड़ी	104	0.64725 हैक्टर (7741.16 वर्गगज) कृषि आधारित लघु उद्योग प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24-04-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, बिजयनगर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री छगनलाल गुप्ता पुत्र नत्थीमल निवासी कमरा नं. 137, वैष्य आश्रम, गांधी मार्ग, वृन्दावन ने अपने आवासीय भूखण्ड संख्या 1-ए, आदित्य मिल्स लि. के सामने, अजमेर रोड, मदनगंज-किशनगढ़ बाबत् अपनी अन्तिम वसीयत दिनांक 05.03.1997 को मदनलाल गुप्ता के पक्ष में निष्पादित की थी तथा श्रीमती प्रमिला बाई पत्नी स्व. प्रभुदयाल गुप्ता निवासी वैश्य आश्रम मथुरा रोड, वृन्दावन ने अपने आवासीय भूखण्ड संख्या 6-बी, वाके आदित्य मिल्स लि. के सामने अजमेर रोड, मदनगंज-किशनगढ बाबत् अपनी अन्तिम वसीयत दिनांक 15.08.2002 को श्री राजकुमार गुप्ता एंव संजय कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व. मदनलाल गुप्ता के पक्ष में निष्पादित की थी तथा छगनलाल गुप्ता की मृत्यु होने के बाद मदनलाल गुप्ता ने उक्त भूखण्ड संख्या 1-ए सहित अपनी स्वअर्जित अचल सम्पति भूखण्ड संख्या 1-बी एवं 8-ए वाके आदित्य मिल्स लि. के सामने, अजमेर रोड, मदनगंज-किशनगढ सहित सम्पूर्ण निर्माण सहित अचल सम्पति की अपनी अन्तिम वसीयतनामा दिनांक 08.04.2000 को अपने पुत्रगण मेरे पक्षकार श्री संजय गुप्ता एवं स्व. श्री राजकुमार गुप्ता के रूबरू गवाहान निष्पादित की थी जो उनकी अन्तिम वसीयत है तथा मदनलाल गुप्ता की मृत्यु पश्चात उक्त वसीयत प्रभावी हो गई थी तथा उपरोक्त वर्णित अचल सम्पतियों की निष्पादित अन्तिम वसीयतनामा बाबत जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति, उज्र एंव एतराज हो तो 7 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार के समक्ष प्रस्तुत करे।

दिनांक- 24.04.2024
पक्षकार संजय कुमार गुप्ता एवं पुष्पेन्द गुप्ता पुत्र स्व. राजकुमार गुप्ता
भवदीय
महेश अग्रवाल एडवोकेट
मो. नं. 94142-38039

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के विशाल रोड शो से भाजपामय हुआ भीलवाड़ा

दीया कुमारी ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के पक्ष में वोट मांगे।

भीलवाड़ा, (निसं)। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भीलवाड़ा शहर में रोड शो किया।

लोकसभा मीडिया प्रभारी विनोद झुर्रानी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के पक्ष में एक विशाल रोड शो का आयोजन कर भीलवाड़ा की फिजा को भाजपामय बना दिया। रोड शो में जन सैलाब उमड़ पड़ा। विशाल रोड शो प्रातः 10 बजे सांगानेरी गेट स्थित दुधाधारी मंदिर से शुरू होकर बड़ा मंदिर, महाराणा टॉकीज, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए स्टेशन पर अम्बेडकर सर्किल पर समाप्त हुआ। जहाँ उन्होंने अम्बेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया और कहा कि विपक्ष के पास ना कोई ऐजेण्डा है और ना ही कोई विशन, नीति, ना ही नियत है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विकास की गारण्टी मोदी जी दे रहे हैं और उनका संकल्प है कि भाजपा को उच्चे स्तर तक ले जायेंगे। पिछले 10 वर्षों से केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाऐं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंची है। मोदी जी ने हर आम आदमी के मन में जगह बना दी है। इतिहास रचने के साथ दामोदर अग्रवाल बड़े बहुमत से संसद पहुंचेंगे।

रोड शो के दौरान भीलवाड़ा की जनता पलक पावड़े बिछाकर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल का स्वागत किया। स्वागत की कड़ी सांगानेर गेट से शुरू होकर स्टेशन तक अनवरत् रही। रोड शो के दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोड शो के दौरान सांसद सुभाष बहेड़िया, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, माण्डल विधायक उदयलाल भडाणा रोड शो में साथ रहे। इस दौरान सभापति राकेश पाठक, भाजपा नेता रामपाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण डाड, लादूलाल तेली, प्रेमस्वरूप गर्ग, नन्दलाल गुर्जर, कैलाश सुवालका, मण्डल अध्यक्ष मनीष पालीवाल, पीयूष डाड, घनश्याम सिंगीवाल, अनिल जादोन, एडवोकेट राजेन्द्र कचौलिया, गोवर्धन सिंह कटार, कल्पेश चौधरी, रामानुज सारस्वत, पंकज लोहिया, नन्दकिशोर बैरवा, श्याम चाण्डक, रामेश्वर काबरा, मुकेश अग्रवाल, एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़, रमेश सिन्धी, पूरण डीडवानियां, राकेश कसेरा, गौतम शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

संविधान की सुरक्षा के लिये कांग्रेस को विजयी बनाने की अपील

भीलवाड़ा, (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी भीलवाडा ने लोकसभा क्षेत्र के तमाम मेहनतकश अवाम, किसानों, मजदूरों एवं मध्यम वर्गीय आवाम का आ ान किया है कि इण्डिया ऐलाइन्स के घटक कॉग्रेस पार्टी के उम्मीद्वार डॉ. सी.पी. जोशी को अपना मत देकर विजयी बनायें।

पार्टी के जिलासचिव का. मोहम्मद हुसैन कुरेशी एवम् का. ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि डॉ. जोशी को कामयाब बनाना इसलिये आवश्यक है कि मोदी सरकार ने दस वर्ष पूर्व देश के आवाम को 15 लाख रूपया प्रत्येक के खाते में देने का झांसा देकर पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतें बढाकर जनता की जेब पर डाकेजनी कर लाखों रूपया लूट लिया और इन्हीं किमतो के बढने से देश की हर चीज पर मंहगाई की मार बढ़ती जा रही है जिससे जनता त्रस्त है। दो करोड लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार देने वालो ने करोडो लोगो को बेरोजगार कर दिया, महिला वन्दन का गुणगान करने वालो ने हर स्थान पर ब्लातकारियों को संरक्षण प्रदान किया है। किसानो के हितों के विरूद्व अपने मित्रो के हित में काले कानून बनाकर उन्हें आतंकी एवं खालिस्तानी बनाया । गुलाम भारत में मजदूरो के हित में बनाये गये कानूनो को अपने मित्रों के हित में बदल दिया गया और उन्हें काम के घण्टो एवं न्यूनतम वेतन से बेदखलकर दिया गया । अपने अधिकारो के लिये आवाज उठाने वालो को बेमियादी जेलो में डाल दिया गया, संवैधानिक सस्थाओं को अपना जीहजूरियॉ बना दिया गया यहां तक की दो-दो मुख्यमंत्रियों का जेला में डाल दिया गया। भाजपा को बडे से बडे अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, बलातकारियों की शरणगाह बनाकर भ्रष्टाचार का पूरा संरक्षक बना दिया ।

हिन्दू मुस्लिम की नफरत फैलाकर उसकी आड में इलेक्ट्रोल बोन्ड के नाम पर देश में ऐतिहासिक लूट की गयी, जो अपने आप में देश पर एक कलंक है।इन हालात में भाजपा को करारी शिकस्त देकर डॉ सी.पी. जोशी को बिजयी बनाना आज देश हित में आवश्यक हो गया है । वैसे भी सी.पी. जोशी साहब की भीलवाडा जिले को चम्बल रिवर से पानी की सप्लाई और लाडपुरा से कांकरोली का हाइवे बहुत बडी देन है और आगे भी उन्हें मौका दिया गया तो भीलवाडा नई ऊचाईयों को छू सकेगा। ऐसी स्थिति में डॉ सी.पी. जोशी को हाथ के निशान पर मतदान कर उन्हें कामयाब बनाकर देश को बर्बादी की कगार पर जाने से बचायें।